आकाशवाणी श्री विजयपुरम

19.09.2024 समय : 1850

- दक्षिण अंडमान के चूना भट्टा में सड़क निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है और ये कार्य अगले वर्ष जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा।
- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के छः वर्ष पूरा होने तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तीन वर्ष पूरा होने के सिलसिले में पूरे देश के साथ द्वीपों में भी आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है।
- दक्षिण अंडमान और विम्बर्लीगंज अंचल के शिक्षकों के लिए आज पहल प्लस पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दक्षिण अंडमान उप–शिक्षा अधिकारी की ओर से आज से दो दिवसीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
- स्वच्छता ही सेवा के सिलसिले में भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के चूना भट्टा में सड़क निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है और ये कार्य अगले वर्ष जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। अंडमान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता वी. सुब्बाराज ने बताया कि इस कार्य के पूरा हो जाने से नॉर्थ बे तक आवाजाही काफी सुगम हो जाएगी और यात्रियों के साथ–साथ पर्यटकों को भी काफी सुविधा मिलेगी।
श्री सुब्बाराज ने बताया कि विम्बर्लीगंज से मनारघाट तक की साढ़े चार किलोमीटर सड़क के आधे भाग में काम पूरा किया गया है। बचे हुए आधे भाग के लिए निविदा प्रक्रिया जारी है।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के छः वर्ष पूरा होने तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तीन वर्ष पूरा होने के सिलसिले में पूरे देश के साथ द्वीपों में भी आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य द्वीपवासियों को योजना के बारे में जानकारी देना और इसके लाभ के बारे में उन्हें जागरूक करना है। द्वीपसमूह में चार लाख तैंतालीस हजार पैंसठ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट कार्ड सृजित किया गया है। इसके माध्यम से मरीजों को मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने और उन्हें स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जानकारी देना है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत द्वीपसमूह में वर्तमान में पच्चीस हजार दो सौ चौवन परिवारों के बहत्तर हजार चार सौ सैंतालीस सदस्यों का पंजीकरण किया जा चुका है। अब तक योजना के तहत द्वीपसमूह से मुख्यभूमि के सूचीबद्ध अस्पतालों में करीब दो हजार लाभार्थियों को रेफर किया जा चुका है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान और विम्बर्लीगंज अंचल के शिक्षकों के लिए आज पहल प्लस पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गर्ल्स स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए शिक्षा निदेशक आदित्य कुमार झा ने शिक्षकों के लिए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने और द्वीपों में शैक्षिक उत्थान के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि पहल प्लस एक ऐसा प्लेटफार्म है, जहां शिक्षकों को विद्यार्थियों के भविष्य को सुधारने में सहायता मिलती है और इसी के माध्यम से वे योजना तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम स्मार्ट डिजिटल टेक्नोलॉजी तथा छात्र केन्द्रित है और इससे द्वीपों के सरकारी स्कूलों को लाभ मिलेगा। राज्य शिक्षा संस्थान की प्रधानाचार्या संगीता चांद ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप–शिक्षा अधिकारी की ओर से आज से दो दिवसीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के सोलह वर्ष आयु वर्ग तक के लड़के और लड़कियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन आज स्कूल लाईन स्कूल में स्कूल के उप–प्रधानाचार्य द्विजेन्दर राय ने किया। उन्होंने स्वस्थ और फिट रहने के लिए सभी से प्रतिदिन योग करने का अनुरोध किया। आज लड़कों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मंगलूटान की टीम को पहला और ब्यॉज़ सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की टीम को दूसरा स्थान मिला। विजेताओं को कल आयोजित होने वाले समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा के सिलसिले में भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। विभाग के अवर निदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह के नेतृत्व में विज्ञान केन्द्र परिसर में साफ–सफाई की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि द्वीपों को साफ–सुथरा और स्वच्छ बनाए रखने में सभी लोगों का योगदान जरूरी है। स्वच्छ पर्यावरण होगा, तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा और इससे एक स्वच्छ समाज का निर्माण होगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल महाराष्ट्र के वर्धा में राष्ट्रीय 'पीएम विश्वकर्मा' कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत प्रगति के एक वर्ष का प्रतीक है। कार्यक्रम में श्री मोदी पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और ऋण जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के लिए प्रशासन की ओर से डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में कल दिन में ग्यारह बजे से व्यवस्था की गई है। मुख्य सचिव, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी इसमें शामिल होंगे।

<><><><><><>

जलयान एम वी शोम्पेन को हॉस्पिटल शिप में परिवर्तित किया गया है। मुख्य सचिव कल दिन में दस बजे फीनिक्स बे जेट्टी के स्टेज वन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में इस जलयान को पुनः समर्पित करेंगे।

<><><><><><>

महिला कांग्रेस की चालीसवीं स्थापना दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार महिला कांग्रेस की ओर से सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई है और इसके लिए एक समर्पित वेबसाइट बनाया गया है। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अल्का लांबा ने महिलाओं से इस अभियान में बढ़–चढकर हिस्सा लेने को कहा। श्री विजयपुरम में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार, मरियम बीबी के अलावा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शांता लक्ष्मण सिंह के अलावा अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><>

दाल चीनी की खेती और प्रसंस्करण के बारे में जानकारी देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र सीपीघाट की ओर से कोलिनपुर पंचायत हॉल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजीत अरूण वामन ने देश में दाल चीनी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. वाई रामाकृष्णा ने दाल चीनी की बाज़ार व्यवस्था पर जानकारी दी।

उधर, कृषि विज्ञान केन्द्र मध्योत्तर अंडमान की ओर से जलजीव में तालाब प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नींबूडेरा में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख वी दामोदरन ने ज़िले में जलजीव क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में भारी वर्षा हुई। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक एक सौ तीस दशमलव छः मिलीमीटर और श्री विजयपुरम में एक सौ तेईस दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कार निकोबार में बहत्तर, लांग आइलैंड में इक्कीस दशमलव छः, ननकौड़ी में सत्रह दशमलव आठ, हटबे में सोलह दशमलव आठ और मायाबंदर में चार दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है।

<><><><><><>